# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2025/2343 जबलपुर दिनांक 01 सितम्बर 2025

**संशोधित अधिसूचना**

अधिसूचित किया जाता है कि स्वाध्यायी बी.ए./बी.काम./बी.एससी. तृतीय वर्ष (NEP) नई शिक्षा नीति जून, 2025 में सम्मिलित विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा नवम्बर –2025 के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाईन के माध्यम से भराये जाने की तिथि शुल्क विवरण के साथ निम्नानुसार घोषित किया जाता है:–

तिथियां :–

| | |
|---|---|
| ऑन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | 02.09.2025 से 08.09.2025 तक |
| विलंब शुल्क 100/– के साथ | 10.09.2025 तक |
| विलंब शुल्क 750/– के साथ | 12.09.2025 तक |

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/– देय होगी ।

| परीक्षा शुल्क का विवरण:– | पूरक छात्र | एक से अधिक विषय |
|---|---|---|
| 01 बी.ए./बी.काम. पूरक तृतीय वर्ष **(NEP)** | 1530/– | 2360/– |
| 02 बी.एससी. पूरक तृतीय वर्ष **(NEP)** | 1650/– | 2440/– |

टिप्पणी :– एक से अधिक विषय में एटीकेटी होने पर संपूर्ण परीक्षा शुल्क देय होगी

1. महाविद्यालय अपने यहां प्रत्येक प्रवेशित छात्रों के परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 250/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 120/– रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगे।
2. विद्यार्थी अपने आनलाईन आवेदन प्रदत्त अनुक्रमांक (Roll No.) के आधार पर एम.पी.आनलाईन के क्योस्क के माध्यम से उपर उल्लेखित निर्धारित शुल्क का भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे तथा online आवेदन की हार्ड कापी पूर्व परीक्षा की अंकसूची के साथ महाविद्यालय में जमा करें।
3. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं की पात्रता निर्धारण करते हुए आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों को अपने स्तर पर अनुमोदित (Approvel) करेंगे सूची के साथ हार्ड कापी एवं मूल प्रमाणपत्रों की छायांप्रति के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 15 सितम्बर 2025 तक आवश्यक रूप से संबंधित कार्य सहायकों के पास जमा करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् 100/– विलंब शुल्क देय होगा ।

प्राचार्य/विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :–

1. विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में एवं अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को ABC (Acadmic Bank of credit एवं Swayam Portal ) पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।
2. रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट rdvv.mponline.gov.in की ABC (Acadmic Bank of credit एवं Swayam Link) पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र/छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें।

**विशेष नोट – नियमित विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा एक साथ सम्पन्न होगी सभी विद्यार्थी इसका विशेष ध्यान रखे उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने पर विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगें ।**

आदेशानुसार,

उप–कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर
जबलपुर दिनांक 01 सितम्बर 2025

पृ.क./परीक्षा/2025/2343"अ"

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :–

1. प्राचार्य समस्त संबंद्ध महाविद्यालय रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक, रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
3. वित्त नियंत्रक, रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
4. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
5. प्रभारी नोडल अधिकारी नोडल सेंटर, एम.पी.आनलाइन रा.दु.वि.वि.जबलपुर ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करे।
7. सुदृढ कक्ष/विश्वविद्यालय प्रेस/समस्त कार्यसहायक(परीक्षा) रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
8. माननीय कुलगुरू जी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर